# नौकरी के आवेदक के लिए गोपनीयता नोटिस

पिछला अपडेट: 7 मई, 2025

RTX निगम और उसकी सहायक और अनुषंगी कंपनियां (सामूहिक रूप से, "RTX"), अपने नौकरी के ऑनलाइन आवेदन और नौकरी देने के सिस्टम को गोपनीय बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार हैं. इसके अलावा, अगर कोई व्यक्ति RTX में रोज़गार पाने के मकसद से कोई जानकारी देता है, तो उस जानकारी को गोपनीय रखने की ज़िम्मेदारी भी इनकी ही होगी। RTX के पास अलग-अलग देशों में नौकरी के आवेदन पाने और उनकी समीक्षा करने के लिए अलग-अलग सिस्टम हैं। नौकरी के आवेदक के इस गोपनीयता नोटिस में, उन दोनों इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम को कवर किया जाता है जिन्हें RTX ने नौकरी के आवेदनों के लिए लागू किया है। इसके अलावा, उन प्रोसेस को भी कवर किया जाता है जिन्हें कुछ जगहों पर इस्तेमाल किया जा सकता है, जिसमें ऑनलाइन सिस्टम शामिल नहीं है। इन दोनों ही तरीकों के लिए, RTX ने हमारे द्वारा इकट्ठा की जाने वाली किसी भी निजी जानकारी की सुरक्षा के लिए तकनीकी, प्रशासनिक और भौतिक उपायों को लागू किया है।

RTX के नौकरी के ऑनलाइन आवेदन और नौकरी के सिस्टम, इनका इस्तेमाल लोगों को नौकरी देने, उन्हें RTX में रोज़गार के लिए आवेदन करने की अनुमति देने के लिए किया जाता है, इसमें कैरियर वेबसाइट भी शामिल है। इसके अलावा, यह पक्का करने के लिए भी इनका इस्तेमाल किया जाता है कि RTX, रोज़गार से जुड़े आवेदन पाने के लिए लागू कानून और नियामक की ज़रूरी शर्तों का पालन करती है या नहीं। ये सिस्टम विज़िटर्स के लिए बनाए गए हैं। इनका इस्तेमाल करके वे RTX की ओर से दिए जाने वाले रोज़गार के अवसरों की समीक्षा कर सकते हैं और उनके लिए आवेदन कर सकते हैं। RTX के नौकरी के ऑनलाइन आवेदन और नौकरी देने वाले सिस्टम का इस्तेमाल किसी दूसरे काम के लिए न करें।

कुछ अपवादों को छोड़कर, RTX सिर्फ उन लोगों के आवेदन स्वीकार करती है जिनकी उम्र कम से कम 18 साल है। अगर आपकी उम्र 18 साल से कम है, तो RTX को नौकरी के लिए आवेदन करने के उद्देश्य से, अपनी निजी जानकारी तब तक न दें, जब तक आपसे जानकारी मांगी न जाए।

इस नोटिस को समय-समय पर, कोई अपडेट पोस्ट करके बदला जा सकता है। हमारा सुझाव है कि आप इस नोटिस में होने वाले बदलाव देखने के लिए नियमित रूप से इसकी समीक्षा करें।

RTX, निजी जानकारी को ऐसे डेटा के रूप में परिभाषित करती है जो किसी ऐसे व्यक्ति से संबंधित है, जिसकी पहचान की जा चुकी है या पहचान की जा सकती है।

# RTX, कौनसी निजी जानकारी इकट्ठा करती है?

RTX के नौकरी के ऑनलाइन आवेदन सिस्टम पर पोस्ट की समीक्षा करने के लिए, RTX से रोज़गार के अवसरों के बारे में बातचीत करें और RTX में नौकरी के लिए आवेदन करें। आवेदन करने के लिए, आपसे आपकी निजी जानकारी मांगी जाएगी। कुछ देशों में, जहां इनमें से कुछ डेटा एलिमेंट का अनुरोध नहीं किया जा सकता है या आपके रोज़गार की पुष्टि होने या उसके शुरू होने के बाद अनुरोध किया जा सकता है वहां आपसे ऊपर बताए गए डेटा से अलग, निजी जानकारी मांगी जा सकती है. उसमें यह जानकारी शामिल है:

- नाम
- संपर्क जानकारी, इसमें घर का पता, टेलिफ़ोन नंबर और ईमेल पता शामिल हैं
- जन्म की तारीख
- सरकारी पहचान पत्र या नंबर, इसमें ड्राइविंग लाइसेंस शामिल है
- काम करने का अनुभव
- शिक्षा
- रेज़्यूमे या सीवी और/या एक कवर लेटर, इसमें आपकी ओर से दिए गए दस्तावेज़ों में प्रदान की गई कोई भी जानकारी शामिल है
- नागरिकता और/या स्थायी कानूनी पता
- काम करने से जुड़ी पात्रता, इसमें इम्मीग्रेशन स्टेटस का दस्तावेज़ शामिल है
- रोज़गार के वे अवसर जिनमें आपकी दिलचस्पी है
- नौकरी से जुड़े वे खास सवाल जो किसी विशेष नौकरी के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता से संबंधित हैं
- रेफ़रंस (अगर आपको किसी दूसरे व्यक्ति की जानकारी देनी है, तो RTX को उसकी जानकारी देने से पहले आपको उस व्यक्ति की सहमति लेनी होगी)
- वह जानकारी जो हमें कुछ देशों में कानून के मुताबिक मांगने की आवश्यक्ता पड़ सकती है, जैसे कि क्या आपने पहले किसी सरकारी एजेंसी के लिए काम किया है, क्या आप कोई सरकारी

अधिकारी हैं, आप RTX के अधिकारी हैं या RTX के निदेशक मंडल के सदस्य हैं या आप वर्तमान या पूर्व नियोक्ता के साथ प्रतिबंधात्मक अनुबंध के अधीन हैं या नहीं

- RTX के लिए ज़रूरी जानकारी, यह पुष्टि करने के लिए कि आपको रोज़गार देने से हितों का टकराव पैदा नहीं होगा या अन्यथा लागू कानून या विनियम का उल्लंघन नहीं होगा
- वह जानकारी जो आपने अपनी इच्छा से अपनी जातीयता, लिंग, लैंगिक पहचान, यौन रुझान, पूर्व सैनिक होने की स्थिति और अक्षमता के बारे में देने के लिए चुनी है
- वह जानकारी जो आपने सुरक्षा से जुड़े सवाल बनाने और उनके जवाब देने के लिए हमें दी है। हम इस जानकारी का इस्तेमाल, वेबसाइट पर वापस आने पर आपकी पहचान की पुष्टि करने के लिए करते हैं
- जहां से आपको नौकरी के अवसर की जानकारी मिली
- कोई अन्य जानकारी जिसे आपने अपने आवेदन के हिस्से के रूप में देने के लिए चुना है
- तीसरे पक्ष की साइटों द्वारा दी गई जानकारी, अगर आपने किसी तीसरे पक्ष की साइट के माध्यम से नौकरी के लिए आवेदन किया है

कुछ देशों में, RTX लोगों को खुद उनकी जातीयता, लिंग, लैंगिक पहचान, यौन रुझान, पूर्व सैनिक होने की स्थिति और दिव्यांगता की जानकारी की पहचान करने के लिए आमंत्रित करती है। यह जानकारी पूरी तरह से स्वैच्छिक है और इनमें से कोई भी जानकारी देने या रोकने के आपके निर्णय से इस बात पर कोई असर नहीं होगा कि हम आपको इस नौकरी के लिए कितना उपयुक्त समझते हैं। कुछ देशों में, जैसे कि संयुक्त राज्य अमेरिका (अमेरिकी क्षेत्रों सहित) और यूनाइटेड किंगडम में, अगर आपको अपनी लैंगिक पहचान और जातीयता की जानकारी नहीं देनी है, तो आपको नौकरी पर रखने से पहले हमारे लिए यह ज़रूरी है कि हम आपके लिए उसकी जानकारी भरें। हम कानूनी दायरे में रहते हुए, उन जगहों पर नौकरी के आवेदकों से उनके धर्म के बारे में जानकारी मांगते हैं जहां ऐसा करना ज़रूरी होता है।

कुछ नौकरियों और जगहों के लिए, आपको किसी चिकित्सा परीक्षण के लिए कहा जा सकता है। जैसे, आंख या कान की जांच, औषधि परीक्षण, पृष्ठभूमि की जांच या आपराधिक इतिहास की जांच। ये सब जांचें सिर्फ आपकी सहमति से ही की जाएंगी, लेकिन कुछ चुनिंदा स्थितियों में, आपकी नौकरी का ऑफ़र इनमें से एक या एक से ज़्यादा जांचों के सफल होने पर निर्भर हो सकता है। RTX, उन जगहों पर आपके आपराधिक इतिहास की जांच नहीं करती है जहां कानून द्वारा ऐसा करने की मनाही है। RTX, आपके आवेदन में दी गई जानकारी की पुष्टि कर सकती है, जैसे कि आपका रेफ़रंस, ड्राइविंग लाइसेंस और रिकॉर्ड, शिक्षा और नौकरी का इतिहास। इसके लिए, उसे आपसे अलग से सहमति लेने की आवश्यक्ता नहीं है।

अगर आपके पास मोबाइल डिवाइस पर RTX के नौकरी के ऑनलाइन आवेदन सिस्टम का इस्तेमाल करने का विकल्प है, तो वेबसाइट आपके डिवाइस से कनेक्ट करने के लिए ज़रूरी जानकारी इकट्ठा करेगी और आपके द्वारा अनुरोध किए गए कस्टमाइज़ेशन प्रदान करेगी। इस जानकारी में, आपके डिवाइस की पहचान या नंबर, आपका कैरियर और आपकी जगह शामिल हो सकती है।

इसके अलावा, RTX उपयोगकर्ता के डोमेन नाम, ब्राउज़र के प्रकार, ऐक्सेस किए जाने की तारीख व समय और देखे गए पेजों सहित नौकरी के आवेदन की अपनी वेबसाइटों पर उपयोगकर्ता ट्रैफ़िक के पैटर्न को मॉनिटर करती है। हमारे वेब सर्वर, डोमेन नाम से जुड़ी जानकारी इकट्ठा करते हैं, लेकिन विज़िटर के ई-

मेल पते नहीं। यह जानकारी हमारी वेबसाइटों पर विज़िटर्स की संख्या को मापने और यह निर्धारित करने के लिए इकट्ठा की जाती है कि वेबसाइट के कौनसे हिस्से, उपयोगकर्ता को उपयोगी लगते हैं। यह उपयोगिता, इस बात पर निर्भर करती है कि उस हिस्से से कितना उपयोगकर्ता ट्रैफ़िक आया है। RTX, इस जानकारी का इस्तेमाल उपयोगकर्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने और उनकी दिलचस्पी के आधार पर बेहतर कॉन्टेंट तैयार करने के लिए करती है।

कुछ पदों के लिए, RTX में नौकरी पाने से पहले आपको अतिरिक्त जानकारी देने की आवश्यक्ता पड़ सकती है। इससे यह पता चलता है कि आपके पास सिक्योरिटी क्लीयरेंस और/या वैश्विक व्यापार प्राधिकरण है या आप उसे पाने के लिए योग्य हैं।

RTX, आपकी ज़्यादातर निजी जानकारी सीधे आपसे ही लेती है। यह जानकारी, आपके ऑनलाइन पूरा आवेदन भरने और आवेदन की प्रक्रिया के दौरान ही ले ली जाती है. जैसे, इंटरव्यू के दौरान। RTX अप्रत्यक्ष रूप से भी निजी जानकारी इकट्ठा कर सकती है, जैसे कि पूर्व नियोक्ताओं से, आपके द्वारा दिए गए रेफ़रंस से, रिक्रुटमेंट एजेंसियों से, सार्वजनिक रिकॉर्ड के स्रोतों से और अन्य तीसरे पक्षों से पृष्ठभूमि की जांच के हिस्से के रूप में, यह सब वह लागू कानून द्वारा अनुमत सीमा तक कर सकती है।

## RTX जो जानकारी इकट्ठा करती है, उसका इस्तेमाल यह कैसे कर सकती है?

इकट्ठा की गई किसी भी निजी जानकारी का इस्तेमाल:

- आपको RTX पर नौकरी के लिए आवेदन करने और आपके आवेदन का मूल्यांकन करने की अनुमति देने के लिए किया जा सकता है। इसमें बिना किसी सीमा के, फ़ोन की जांच, इंटरव्यू और अन्य लागू आकलन को व्यवस्थित करना और उन्हें आयोजित करना शामिल है
- आपको अन्य अवसरों के लिए आवेदन करने और उनके बारे में सोचने के लिए आमंत्रित करने के लिए किया जा सकता है. इनमें वे अवसर शामिल हैं जो फ़िलहाल उपलब्ध हैं या उपलब्ध हो सकते हैं
- किसी आवेदन या अन्य अवसर के संबंध में आपसे संपर्क करने या उनमें हुए बदलाव की जानकारी आपको देने के लिए किया जा सकता है
- रेफ़रंस की जांच की पुष्टि करने, आपराधिक इतिहास व पृष्ठभूमि की जांच करने और अस्वीकृत पार्टी की जांच करने के लिए किया जा सकता है
- अगर आपको नौकरी पर रखा जाता है, तो आपकी भर्ती की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने और आपके रोज़गार को प्रबंधित करने के लिए किया जा सकता है
- नौकरी के आवेदकों से जुड़ी कानूनी और नियामक आवश्यकताओं के पालन के लिए किया जा सकता है। इसमें सरकारी एजेंसियों को रिपोर्ट देना शामिल है
- आपको अपने अनुभव के आधार पर प्रतिक्रिया देने के अवसर प्रदान करने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि किसी सर्वे से

- RTX की भर्ती की प्रक्रियाओं को समझने और बेहतर बनाने के लिए आवेदक की प्रवृत्तियों पर विश्लेषण करने के लिए किया जा सकता
- आपकी पहचान की पुष्टि करके, यहां सूची में दिए गए उद्देश्य में से किसी एक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जा सकता है
- RTX के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम की सुरक्षा सुनिश्चित करने या उसे बढ़ाने के लिए किया जा सकता है
- धोखाधड़ी से बचाने के लिए किया जा सकता है
- आंतरिक जांच करने और कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए किया जा सकता है

# RTX, अपने द्वारा इकट्ठा की गई निजी जानकारी को किसके साथ साझा करती है?

RTX, आपकी जानकारी को RTX की कंपनियों के समूह के बाहर सिर्फ़ इनके साथ शेयर करेगी:

- ऐसे सेवा प्रदाता, जिन्हें RTX ने हमारी तरफ से सेवाएं पूरी करने के लिए रखा हो। उन मामलों में, RTX सिर्फ़ ऊपर बताए गए कामों के लिए सेवा देने वाली कंपनियों के साथ जानकारी शेयर करेगी। RTX आपकी निजी जानकारी को इन सेवा प्रदाताओं के साथ साझा कर सकती है: मानव संसाधन सूचना आवेदन (जैसे कि Workday); डिजिटल आउटसोर्सिंग (जिसके पास इंसिडेंटल ऐक्सेस होगा); भर्ती और प्रतिभा विकास सेवा प्रदाता; पृष्ठभूमि की जांच करने वाले सेवा प्रदाता (लागू होने की सीमा तक); स्थानांतरण विक्रेता (लागू सीमा तक); और अन्य सेवा देने वाली ऐसी कंपनियां जो आपके रोज़गार का प्रबंधन करने के लिए ज़रूरी हों। इन सेवा प्रदाताओं को जानकारी का इस्तेमाल या खुलासा करने से अनुबंधित रूप से प्रतिबंधित किया गया है। ये सिर्फ उस संदर्भ में जानकारी का खुलासा कर सकते हैं जिसमें हमारी ओर से सेवा देने के लिए या कानूनी आवश्यकताओं के लिए यह ज़रूरी हो
- कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए, जिसमें कर और नियामक दायित्वों का पालन करना, श्रम/ट्रेड यूनियनों और कार्य परिषदों के साथ डेटा शेयर करना, और अदालती कार्यवाही या कानून प्रवर्तन अधिकारियों या अन्य सरकारी नियामकों से वैध कानूनी अनुरोध का जवाब देना शामिल है। साथ ही, इसमें कुछ और कानूनी दायित्व भी शामिल हो सकते हैं
- संदिग्ध या वास्तविक नीति, नैतिकता या अनुपालन के उल्लंघन या अवैध गतिविधि की जांच करने के लिए
- शारीरिक नुकसान को रोकने और कर्मचारियों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए
- हमारे व्यवसाय या संपत्ति को समग्र रूप से या उसके हिस्से को बेचे या स्थानांतरित किए जाने का समर्थन करने के लिए, जिसमें दिवाला निकालना शामिल है।

RTX के पास कई सेवा प्रदाता हैं जो इसके नौकरी के ऑनलाइन आवेदन सिस्टम से जुड़ी सहायता देते हैं। ये प्रदाता हमारे मानव संसाधन सूचना सिस्टम और कैरियर वेबसाइटों का प्रबंधन करते हैं, बैक-अप स्टोरेज प्रदान करते हैं, नौकरी पोस्ट करने में सहायता करते हैं, वीडियो इंटरव्यू और उम्मीदवारों की भर्ती की सुविधा देते हैं। RTX, अन्य सेवा प्रदाताओं से भी सेवाएं ले सकती है, लेकिन वह जिस सेवा प्रदाता की सेवा

लेगी उसकी जानकारी इस नोटिस में सेवा लिए जाने के उद्देश्यों के साथ देगी और उपरोक्त उल्लिखित अनुबंध के तहत उससे सेवाएं लेगी। ऐसा हो सकता है कि हमारा कोई सेवा प्रदाता आपकी आवेदन प्रक्रिया के दौरान आपसे सीधे बातचीत करे, जैसे कि इंटरव्यू निर्धारित करना या स्क्रीनिंग इंटरव्यू का पहला राउंड आयोजित करना।

## RTX, आपकी निजी जानकारी कहां स्टोर करती है?

RTX एक वैश्विक कंपनी है, जो कई देशों में स्थित है। हम आपकी जानकारी को ऊपर बताए गए उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, एक कानूनी निकाय से दूसरे में या एक देश से दूसरे में ट्रांसफर कर सकते हैं। इसमें, अन्य देशों में मौजूद हमारे सेवा प्रदाताओं के साथ इस जानकारी को शेयर करना भी शामिल हो सकता है। इन देशों में कम से कम, यूनाइटेड स्टेट्स, यूरोपीय संघ के कई सदस्य देश, द यूनाइटेड किंगडम, केनेडा और अन्य देश शामिल हैं, जिसमें एशिया के कुछ देश भी शामिल हैं। हम आपकी निजी जानकारी को लागू कानूनी आवश्यकताओं के हिसाब से ही ट्रांसफर करेंगे और केवल उस सीमा तक करेंगे जितना कि ऊपर बताए गए उद्देश्यों के लिए आवश्यक हो।

RTX, एक देश से दूसरे में आपकी निजी जानकारी को ट्रांसफ़र करने के लिए उपलब्ध कानूनी तंत्र पर निर्भर करती है। इसके अलावा, कानून की ज़रूरी शर्तों के हिसाब से सही स्तर की सुरक्षा को सुनिश्चित करती है। उस सीमा तक जहां तक कि RTX स्थानांतरण को अधिकृत करने के लिए मानक अनुबंध की शर्तों (जिन्हें मानक शर्तें भी कहा जाता है) या बंधनकर्ता कॉर्पोरेट नियमों पर निर्भर करती है, RTX उन आवश्यकताओं का अनुपालन करेगी। इसमें वे मामले भी शामिल हैं, जहाँ उन आवश्यकताओं और इस नोटिस के बीच टकराव होता हो। RTX के बाध्यकारी कॉर्पोरेट नियमों को पढ़ने के लिए, कृपया गोपनीयता पेज पर सबसे ऊपर दाईं ओर मौजूद ड्रॉपडाउन मेन्यू का इस्तेमाल करें RTX।

## RTX, आपकी निजी जानकारी को कितने समय तक अपने पास रखती है?

अमेरिका में सभी पदों के लिए या अमेरिकी सरकार के अनुबंध का समर्थन करने वालों के लिए, RTX को कम से कम तीन सालों के लिए उनकी आवेदन की जानकारी को अपने पास रखना होता है। कानूनी, नीति, प्रशासनिक या न्यायिक गतिविधि और ऑडिट की आवश्यक्ता पड़ने पर समय की उस अवधि को बढ़ाया जा सकता है। अगर आपने अमेरिका में नौकरी के लिए आवेदन किया है, लेकिन आप अमेरिका से बाहर हैं, तो कृपया ध्यान रखें कि यह अवधि आप पर भी लागू होगी। हम इस अवधि के दौरान अमेरिका में नौकरी करने के आवेदनों को हटाने के अनुरोधों को स्वीकार नहीं करेंगे।

अन्यथा, RTX आपकी जानकारी को निम्नानुसार बनाए रखेगी:

प्रोफ़ाइल की जानकारी: RTX, नौकरी के ऑनलाइन आवेदक टूल में आपके द्वारा दर्ज की गई जानकारी को, आपकी आखिरी गतिविधि से लेकर तीन साल तक अपने पास रखती है। हम आपको समय से पहले यह चेतावनी देंगे कि आपकी प्रोफ़ाइल हटाई जाने वाली है, लेकिन हमें ऐसा करने से रोका जा सकता है। परिणामस्वरूप, अगर आपको अपना खाता बंद होने से बचाना है, तो इसे समय-समय पर ज़रूर अपडेट करें।

असफल आवेदन: RTX, असफल उम्मीदवारों के आवेदन की जानकारी को, स्थानीय लागू कानून द्वारा निर्धारित की गई अवधि तक अपने पास रखेगी। अगर कोई स्थानीय कानून लागू नहीं है, तो RTX उचित

समय के लिए आपकी निजी जानकारी को अपने पास रखती है। उस अवधि के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया RTXrecruiting@rtx.com पर ईमेल करें।

सफल आवेदन: RTX, सफल उम्मीदवारों की जानकारी को अपने पास रखती है, ताकि वह आपको रोज़गार देने के काम आ सके। आपके आवेदन की जानकारी का इस्तेमाल रोज़गार से जुड़े उद्देश्यों के लिए किया जाता है और कर्मचारी गोपनीयता नोटिस के अनुसार उसे प्रबंधित किया जाता है।

सभी मामलों में, रखरखाव की आवश्यकताओं और बिना काम वाली निजी जानकारी पर नियम या कानून, न्यायालय, प्रशासनिक या मध्यस्थता कार्यवाही या ऑडिट की आवश्यकताओं का असर पड़ सकता है। इनमें से हर उदाहरण में, लागू दायित्वों के लिए RTX को कुछ परिस्थितियों में डेटा को इस नोटिस में बताए गए समय से अधिक समय तक अपने पास रखने की आवश्यकता पड़ सकती है।

डेटा को निर्धारित अवधि से अधिक समय के लिए अपने पास रखने और उसे हटाने का अनुरोध करने वाले आवेदकों के लिए, RTX भर्ती की अपनी प्रक्रियाओं को समझने और उन्हें सुधारने के लिए, सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए अज्ञात डेटा रख सकती है।

## RTX, किस तरह से आपकी निजी जानकारी को इस्तेमाल करे, इसके लिए आपके पास कौनसे विकल्प हैं?

आपके पास अपनी निजी जानकारी RTX को देने या न देने का विकल्प होता है, लेकिन अगर आपने अपनी जानकारी नहीं देने का विकल्प चुना है, तो RTX आपको किसी पद के लिए नहीं चुन पाएगी। आपको किसी भी समय अपने आवेदन को जमा करने के लिए अपनी सहमति वापस लेने का अधिकार है। हालांकि, कुछ देशों (जैसे कि अमेरिका) के कानूनों के अनुसार, हमें आपके आवेदन को किसी निश्चित अवधि के लिए अपने पास रखना पड़ सकता है। ऐसा तब ही किया जाता है, जब आपने उस देश में नौकरी के लिए आवेदन किया हो। इसके अलावा, अगर आपने किसी आवेदन के लिए अपनी निजी जानकारी को प्रोसेस करने की अपनी सहमति को वापस लिया है, जहां ऐसा करने की अनुमति है, तो RTX आपको किसी पद के लिए नहीं चुन पाएगी।

RTX, सिर्फ यह जानने के लिए आपकी जानकारी मांगती है कि आपने जिस पद के लिए आवेदन किया है आप उसके लिए योग्य हैं। साथ ही, आप जब भी हमारे ऑनलाइन आवेदन सिस्टम में लॉग इन करें, तो आपकी पहचान की पुष्टि करने के लिए भी यह जानकारी काम आती है। इसके अलावा, लागू कानून के अनुसार भी हमें आपकी जानकारी की आवश्यकता पड़ सकती है।

अगर आपको अपनी निजी जानकारी अपडेट, सही करनी है या हटानी है, तो RTXrecruiting@rtx.com पर ईमेल करें। RTX, आपके अनुरोध की समीक्षा करेगी और तुरंत जवाब देगी, लेकिन कानूनी दायित्वों या अधिकारों के बीच टकराव होने की वजह से आपको जो राहत चाहिए, शायद वह नहीं दे पाएगी। विशेष रूप से किसी डेटा को हटाने के अनुरोधों के संबंध में, जब तक कि लागू कानून या विनियम, अदालत, प्रशासनिक या मध्यस्थता कार्यवाही या कोई ऑडिट डेटा हटाने की प्रक्रिया को नहीं रोकता, तब तक RTX आपकी निजी जानकारी को एक उचित समय के अंदर हटा देगी और सिर्फ आपके नाम, डेटा हटाने के अनुरोध की तारीख, आवेदन की जाने वाली नौकरी और आवेदन किए जाने वाले देश की जानकारी से जुड़ा डेटा लॉग अपने पास रखेगी। RTX, यह दिखाने के लिए इस जानकारी को अपने पास रखती है कि उसने आपके अनुरोध का पालन किया है।

## RTX, कुकीज़ या अन्य ट्रैकिंग तकनीकों का इस्तेमाल कैसे करती है?

कुकीज़, उपयोगकर्ताओं के कंप्यूटरों पर भेजी और स्टोर की जाने वाली छोटी टेक्स्ट फ़ाइलें हैं। ये फ़ाइलें, वेबसाइटों को उन उपयोगकर्ताओं की पहचान करने में सहायता करती है जो दोबारा वेबसाइट पर आते हैं। इसके अलावा, वेबसाइटों पर उपयोगकर्ताओं के ऐक्सेस के प्रोसेस को आसान बनाती है और वेबसाइटों को समग्र डेटा संकलित करने की अनुमति देती है, जिससे कॉन्टेंट बेहतर बनता है। कुकीज़, उपयोगकर्ता के कंप्यूटरों या फ़ाइलों को नुकसान नहीं पहुंचाती हैं। वेब बीकन, पारदर्शी ग्राफ़िक इमेज होती हैं, जो अक्सर सिंगल पिक्सेल के साइज़ की होती हैं। ये वेबसाइटों को साइट पर होने वाली गतिविधि को ट्रैक करने की अनुमति देती हैं।

RTX, डेटा को संग्रहित करने और उसके अज्ञात इस्तेमाल की जानकारी को इकट्ठा करने के लिए, अपनी कैरियर वेबसाइट और नौकरी पोस्ट करने वाली अन्य साइटों के लिए कुकीज़ और वेब बीकन दोनों का इस्तेमाल करती है। इससे RTX, वेबसाइट की कार्यप्रणाली बेहतर बना सकती है। RTX, आपके उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कुकीज़ का भी इस्तेमाल कर सकती है। उदाहरण के लिए, कोई वेबसाइट आपको आपकी पसंद के हिसाब से भाषा और/या भौगोलिक स्थिति को चुनने की अनुमति दे सकती है। आपकी इस पसंद को आने वाले समय में आपकी विज़िट के लिए स्टोर किया जाएगा।

ये नौकरी पोस्ट करने वाली वेबसाइटें, RTX सेवा प्रदाता की कुकीज़ का भी इस्तेमाल करती हैं। इन कुकीज़ में, एक सत्र के दौरान आपकी गतिविधि को प्रबंधित करने के लिए एक सत्र आईडी होती है। हमारे सेवा प्रदाता यह निर्धारित करने के लिए भी कुकीज़ का इस्तेमाल करते हैं कि क्या आपने बाहरी पोस्टिंग की प्रभावशीलता को ट्रैक करने के लिए, किसी बाहरी वेबसाइट से इस वेबसाइट पर नेविगेट किया है।

अगर आप नहीं चाहते हैं कि कुकीज़ को इस या किसी अन्य RTX वेबसाइट द्वारा एक्सेस किया जा सके, तो आपको कुकीज़ के इस्तेमाल को अस्वीकार या बंद करने के लिए, अपने ब्राउज़र प्रोग्राम की सेटिंग को एडजस्ट करना होगा। आपको http://www.allaboutcookies.org/ पर, कुकीज़ और वेब बीकन के बारे में अतिरिक्त जानकारी मिल जाएगी।

## इस वेबसाइट पर दिखाई देने वाले तीसरे पक्ष के लिंक के बारे में आपको क्या पता होना चाहिए?

कुछ मामलों में, RTX अपने द्वारा नियंत्रित की जाने वाली वेबसाइट के अलावा, दूसरी वेबसाइटों के लिंक दे सकती है। हालांकि, RTX तीसरे पक्ष की ऐसी वेबसाइटों को नियंत्रित नहीं करती है और न ही अन्य वेबसाइटों द्वारा नियोजित कॉन्टेंट या प्राइवेसी प्रैक्टिस के लिए ज़िम्मेदार होती है। अगर आपने किसी तीसरे पक्ष की साइट से RTX पर नौकरी के लिए आवेदन किया है, तो आपके आवेदन पर उस साइट के गोपनीयता नोटिस की शर्तें भी लागू होंगी।

# उपयोगकर्ताओं को कौनसी अतिरिक्त जानकारी पता होनी चाहिए?

**कैलिफ़ोर्निया के निवासियों के लिए:** *कैलिफ़ोर्निया शाइन द लाइट लॉ:* कैलिफ़ोर्निया के निवासी हर साल, अन्य व्यवसायों के साथ शेयर की गई अपनी वह जानकारी मांग सकते हैं जिसका इस्तेमाल व्यवसायों ने पिछले कैलेन्डर वर्ष में डायरेक्ट मार्केटिंग करने के लिए किया हो। RTX, आपकी निजी जानकारी को अन्य व्यवसायों से उनके डायरेक्ट मार्केटिंग में इस्तेमाल किए जाने के लिए शेयर नहीं करती है।

*कैलिफ़ोर्निया उपभोक्ता गोपनीयता अधिनियम:* कैलिफ़ोर्निया के निवासियों के पास अधिकार है कि:

- वे अपने बारे में हमारे पास मौजूद निजी जानकारी को मांग सकें। इसमें जानकारी की श्रेणियों, उसके इस्तेमाल के उद्देश्य की जानकारी शामिल है। इसके अलावा, वे यह जानकारी भी मांग सकते हैं कि हम उनकी निजी जानकारी को किसके साथ शेयर करते हैं और हमारे पास विशेष रूप से उनके बारे में कौनसी जानकारी है;
- आपका डेटा मिटा दिया जाए इसकी माँग करना; और
- वे किसी कंपनी को अपना डेटा न बेचने के निर्देश दे सकते हैं। हालांकि, RTX निजी जानकारी को नहीं बेचती है, इसलिए यह निर्देश लागू नहीं होता है।

अगर आप कैलिफ़ोर्निया के निवासी हैं और आपको अपने अधिकारों का इस्तेमाल करना है, तो आपको 1-833-882-0003 पर कॉल करके या RTXrecruiting@rtx.com पर हमें ईमेल करके RTX से संपर्क करना चाहिए। कृपया अपना नाम, RTX को आपसे संपर्क करने का कोई तरीका (जैसे कि ईमेल पता या टेलीफ़ोन नंबर) बताएं, ताकि हम आपके अनुरोध का जवाब दे सकें। साथ ही, आपके और हमारे बीच के संबंध के प्रकार के बारे में भी जानकारी दें (जैसे कि आप हमारी वेबसाइट पर बस एक विज़िटर हैं या शेयरधारक) हैं। साथ ही, बताएं कि आप हमसे किस कार्रवाई की उम्मीद करते हैं। आपकी माँग के आधार पर हम यह निर्धारित करने के लिए जाँच करेंगे कि क्या हमारे पास आपकी कोई निजी जानकारी है। अगर हमारे पास आपकी निजी जानकारी है (आपके अनुरोध में प्रदान की गई जानकारी के अलावा), तो हम पहले से मौजूद उस निजी जानकारी के आधार पर आपकी पहचान की पुष्टि करने की कोशिश करेंगे; हम जिस डेटा का अनुरोध करेंगे वह आपके बारे में हमारे पास पहले से मौजूद निजी जानकारी की प्रकृति पर निर्भर करेगा। आपकी पहचान की पुष्टि करने के बाद, हम आपको एक जवाब देंगे। इस जवाब में यह जानकारी दी गई होगी कि हम आपके अनुरोध को कैसे पूरा करेंगे या हम आपके अनुरोध को पूरा क्यों नहीं कर सकते।

**यूरोपीय संघ, यूनाइटेड किंगडम और डेटा गोपनीयता कानूनों वाले अन्य देशों के निवासियों के लिए:** RTX आपकी नौकरी के आवेदक की निजी जानकारी की डेटा नियंत्रक है। अगर आपको उस विशेष कानूनी निकाय (या निकायों) की सूची चाहिए जो आपके मामले में डेटा नियंत्रक के रूप में काम कर रहा है, तो कृपया RTXrecruiting@rtx.com पर ईमेल करें। आपको अपने राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय डेटा संरक्षण प्राधिकरण के पास शिकायत दर्ज करने का अधिकार है, जिसे पर्यवेक्षी अधिकृति भी कहा जा सकता है। आपके पास आपकी निजी जानकारी का ऐक्सेस पाने, उसमें सुधार करने या उसे हटाए जाने के लिए कहने का अधिकार है। इसके अलावा, आपके पास कुछ खास निजी जानकारी को प्रोसेस करने पर प्रतिबंध लगाने या आपत्ति जताने और कुछ खास परिस्थितियों में उसकी पोर्टेबिलिटी की मांग करने का भी

अधिकार है। RTX से ऐक्सेस की मांग करने, सुधार करने, हटाने या नियंत्रण या पोर्टेबिलिटी खोजने के बारे में संपर्क करने के लिए, कृपया RTXrecruiting@rtx.com पर ईमेल करें।

**अमेरिका के निवासियों के लिए:** RTX वहां सोशल सिक्योरिटी नंबर इकट्ठा करती है जहां कानूनन ऐसा करना ज़रूरी होता है, जैसे कि अपने कर्मचारियों के टैक्स और पेरोल से जुड़े उद्देश्यों के लिए। जब RTX सोशल सिक्योरिटी नंबर को इकट्ठा और/या उनका इस्तेमाल करती है, तब RTX उसकी गोपनीयता की सुरक्षा करती है, एकत्रीकरण को सीमित करती, सुनिश्चित करती है कि ऐक्सेस आवश्यकतानुसार ही किया जाए और उचित तकनीकी सुरक्षा उपायों व रखरखाव की योजनाओं को लागू करके उसका उचित रखरखाव करती है।

**ऑस्ट्रेलिया के निवासियों के लिए:** ऑस्ट्रेलिया में हर RTX निकाय एक “ऐप्लिकेशन निकाय” है, जिस पर प्राइवसी ऐक्ट 1988 (कॉमनवेल्थ ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया) (“ऑस्ट्रेलियन प्राइवसी ऐक्ट”) के प्रावधान लागू होते हैं। इस नोटिस में, RTX के रेफ़रंस ऑस्ट्रेलिया की उन अनुषंगी कंपनियों से भी संबंधित हैं जो ऑस्ट्रेलिया के लोगों की निजी जानकारी इकट्ठा, मैनेज और ज़ाहिर करती हैं या यह इनमें से कोई भी काम करती हैं। जब ऑस्ट्रेलिया की अनुषंगी कंपनी, नोटिस में बताई गई किसी वजह से विदेशी प्राप्तकर्ता के साथ ऑस्ट्रेलिया के लोगों की निजी जानकारी ज़ाहिर करती है, तो उसे यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे कि विदेशी प्राप्तकर्ता उस जानकारी से संबंधित ऑस्ट्रेलियन प्राइवसी ऐक्ट का उल्लंघन न करें। अगर आपको सामान्य तौर पर RTX प्राइवेसी प्रैक्टिस के बारे में कोई सवाल पूछना है या आपको कोई शिकायत करनी है, तो ऑस्ट्रेलिया के निवासी अपनी निजी जानकारी ऐक्सेस करने, उसे ठीक या अपडेट करने के लिए, privacy.compliance@rtx.com पर ईमेल कर सकते हैं। अगर हमें जवाब देने में 30 दिन से ज़्यादा समय लगता है या आप नतीजों से संतुष्ट नहीं हैं, तो आपके पास ऑस्ट्रेलियन इन्फ़ॉर्मेशन कमीशनर के ऑफ़िस में प्राइवसी कमीशन से शिकायत करने का विकल्प होता है। GPO Box 5218, Sydney NSW 2001 पर डाक से, 1300 363 992 पर कॉल करके या enquiries@oaic.gov.au पर ईमेल भेजकर, शिकायत की जा सकती है।

## अपनी निजी जानकारी को ऐक्सेस करने, सही करने या बदलने का तरीका क्या है?

RTX के नौकरी के ऑनलाइन आवेदन सिस्टम में से किसी एक पर अपनी जानकारी को ऐक्सेस करने या बदलने के लिए, अपनी प्रोफ़ाइल में लॉग इन करें और उस निजी जानकारी को सही करें या मिटाएं। अगर आपने किसी अन्य माध्यम (जैसे कि ईमेल) से नौकरी के लिए आवेदन किया है, तो अपने स्थानीय भर्ती संपर्क से बातचीत करें। कैरियर वेबसाइट के साथ समस्याओं की रिपोर्ट करने या सवाल या चिंताएं व्यक्त करने के लिए, RTXrecruiting@rtx.com पर ईमेल करें।

RTX, यह सुनिश्चित करने की उचित कोशिश करती है कि आपकी निजी जानकारी वर्तमान समय की हो, सटीक हो और पूरी हो। RTX, समय-समय पर आपसे आपकी निजी जानकारी की सटीकता की पुष्टि करने या उसे अपडेट करने या अतिरिक्त जानकारी प्रदान करने के लिए कह सकती है।

## आप RTX से किस तरह से संपर्क कर सकते हैं?

अगर आपको अपनी निजी जानकारी अपडेट, सही करनी है या हटानी है, तो RTXrecruiting@RTX.com पर ईमेल करें। इसके अलावा, अगर आपको कोई टिप्पणी करनी है या आपका कोई सवाल या सुझाव है, तो कृपया RTXrecruiting@rtx.com पर ईमेल करें।

अगर आपको RTX प्राइवेसी प्रैक्टिस के बारे में सवाल पूछने हैं, तो कृपया privacy.compliance@rtx.com पर ईमेल करें। अगर आपको RTX कंपनी के किसी खास डेटा सुरक्षा अधिकारी से संपर्क करना है, तो privacy.compliance@rtx.com पर ईमेल करें और हम आपके ईमेल को उपयुक्त डेटा सुरक्षा अधिकारी (जहां लागू हो) को भेज देंगे।